तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 20 अगस्त 2025



4 एनटीपीसी लारा ने छपोरा के बच्चों के सपनों को दी नई उड़ान







श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com


# सीएम हाउस का नाम लेकर मेयर को गुमराह करने वाला धमतरी का आदिल गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वार्ड नंबर 34 स्थित आंगनबाड़ी को गलत तरीके से तोड़ने और मुख्यमंत्री हाउस के नाम का दुरुपयोग कर महापौर जीवर्धन चौहान को मोबाइल पर गुमराह करने के मामले में जूटमिल पुलिस ने धमतरी निवासी आदिल बराड़ 33 वर्ष पिता असलम को गिरफ्तार कर लिया है। इस गिरफ्तारी से पहले इस मामले में पुलिस ने दो अन्य लोगों को हिरासत में ले चुकी थी।

**खास बात**

- आंगनबाड़ी को अवैध तरीके से तोड़ने का मामला, महापौर ने दर्ज कराई थी शिकायत



जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 34 में स्थित आंगनबाड़ी को अवैध तरीके से तोड़े जाने और मुख्यमंत्री हाउस व वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नाम का गलत इस्तेमाल किए जाने की घटना सामने आने के बाद महापौर जीवर्धन चौहान ने इसे गंभीरता से लिया और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार आरोपी ने महापौर को फोन पर यह जताने की कोशिश की कि वह मुख्यमंत्री हाउस का प्रतिनिधि है, जिससे महापौर को गुमराह किया जा सके। जूटमिल पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए धमतरी निवासी आदिल बराड़ के खिलाफ सीएम हाउस के नाम पर धमकाने और गुमराह करने के आरोप में बीएनएस की धारा बी1/9, 319,2, 324,3, 324,5, 351,4, 3,5 और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 30 एवं 5 के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### दो लोग पहले से हो चुके हैं गिरफ्तार

पुलिस ने बताया कि मामले में गिरफ्तार आदिल बराड़ के अलावा पहले दो अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया था। जो आरोपी के साथ इस योजना में शामिल थे। आंगनबाड़ी को तोड़ने और सरकारी संस्थाओं के नाम का गलत इस्तेमाल करने वाले इन आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। इस घटना से यह संदेश मिलता है कि कोई भी व्यक्ति सरकारी पदाधिकारियों और प्रमुख नेताओं के नाम का गलत इस्तेमाल कर महापौर या जनता को गुमराह करने का दुस्साहस न करे।

### सीएम व वित्तमंत्री के नाम का इस्तेमाल करना गलत

महापौर ने कहा सीएम हाउस का आदमी बताकर महापौर को गुमराह करने और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नाम का दुरुपयोग करने की यह हरकत गंभीर अपराध है। पुलिस ने उचित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई ऐसे व्यक्तियों को सबक सिखाने के लिए है, जो मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री के नाम का गलत इस्तेमाल करने की हिमाकत करते हैं। भविष्य में किसी को भी इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति की अनुमति नहीं दी जाएगी। हम स्वच्छ छवि वाले मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री के नाम का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त हैं।

## खबर संक्षेप

### जिले में 860.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 19 अगस्त तक 860.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 1.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1022.6 मिली मीटर, पुसौर में 906.7, खरसिया में 776, घरघोड़ा में 887.4, तमनार में 586, लैलूंगा में 765.7, मुकडेगा में 1044.5, धरमजयगढ़ में 760, छाल में 757.2 एवं कापू में 1101.9 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर



**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी आज डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण करने रायगढ़ तहसील के जुनवानी पहुंचे। सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, अपर कलेक्टर रवि राही और तहसीलदार शिव डनसेना उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने खेत में सर्वेयर द्वारा किए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे और एप में ऑनलाइन अपडेट किए जा रहे डाटा की जानकारी ली। उन्होंने स्वयं एक खेत में लगे फसल सर्वे की प्रक्रिया पूरी करते जानकारी अपडेट की। इस दौरान उन्होंने ऐप संचालन को लेकर सर्वेयर से जानकारी ली। उन्होंने सर्वेयर्स से कहा कि गंभीरता और त्रुटिरहित तरीके से सर्वे का सारा कार्य पूरा करें। उल्लेखनीय है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे फिल्ड स्तर पर सर्वेयर के माध्यम से किया जा रहा है जिसमें सर्वेयर को स्वयं खेत में जाकर वहां की स्थिति और फसल का विवरण एग्रीटेक एप में दर्ज करना होता है। साथ में फोटो अपलोड करना होता है जिसके सत्यापन बाद में पटवारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा किया जाएगाए इससे फसल का वास्तविक मूल्यांकन किया जा सकेगा।

### आरटीओ व यातायात विभाग बना मूकदर्शक, ऑटो चालकों की मनमानी चरम पर

# बिना परमिट ऑटो चालकों पर कार्रवाई के बजाय मेहरबान नजर आ रहे जिम्मेदार अधिकारी..!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शुरुआत से ही शहर की सड़कों पर बिना परमिट के ऑटो वाहन धड़ल्ले से चल रहे हैं। इसके बाद भी ऐसे चालकों पर कार्रवाई करने के बजाय आरटीओ व यातायात विभाग के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। शहर में कई ट्रैफिक डीएसपी व आरटीओ अधिकारी बदल गए, लेकिन कभी इस ओर अभियान चला कर कार्रवाई नहीं की गई। दोनों विभाग के अधिकारी ऑटो चालकों पर मेहरबान होने से उनकी मनमानी चरम पर है।

दरअसल शहर में 99 प्रतिशत ऑटो बिना परमिट के चल रहे हैं। जिससे ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ रही है। इन पर कार्रवाई करना आवश्यक हो गया है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं। कहा जा रहा है कि ऑटो चालकों को परमिट जिला आरटीओ विभाग से नहीं मिल पाएगा, क्योंकि यह उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है।



ऑटो चालकों को परमिट क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय बिलासपुर से ही मिलेगा। जबकि ऑटो चालकों का कहना है कि रायगढ़ में आरटीओ कार्यालय होने के बाद वो परमिट लेने बिलासपुर क्यों जाएंगे। इससे उन्हें काफी भाग दौड़ करना पड़ेगा और उन्हें आर्थिक और शारिरिक परेशानी भी होगी। यही कारण है कि आज पर्यंत तक ऑटो चालक बिना परमिट के ही शहर की सड़कों पर ऑटो चला रहे हैं। वहीं ट्रैफिक व आरटीओ विभाग के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं।

### बिना वर्दी के शहर में घूम रहे ऑटो चालक

हर बार यातायात विभाग द्वारा बैठक लेकर ऑटो चालकों को वर्दी पहनने और बैच लगाने के निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन बैठक से बाहर आते ही सारे निर्देश धरे के धरे रह जाते हैं। अब तक किसी भी ऑटो चालक के पास न तो वर्दी है और न ही बैच है। जिससे कभी ये ऑटो चालक किसी घटना को अंजाम देते हैं तो उन्हें पहचानना भी मुश्किल हो जाएगा। जिम्मेदार अधिकारियों के सुस्त रवैय्ये के कारण ही इनके हौसले बुलंद हैं।

### ऑटो चालकों के पास नहीं है ट्रैफिक सेंस

ऑटो चालकों पर लगाम नहीं होने से दिनोंदिन उनकी मनमानी बढ़ती जा रही है। चालकों द्वारा चिन्हांकित स्थानों पर ऑटो को खड़ी नहीं की जाती है। सवारी ढोने के चक्कर में अचानक बीच सड़क पर वाहन रोकना इनके आदत में शुमार हो गया है। जिससे कई बार दुर्घटना और विवाद की स्थिति निर्मित होती है। इसके अलावा ऑटो चालक तेज रफ्तार वाहन चलाते हुए भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भी अचानक कट मारते नजर आते हैं, जिससे राहगीरों को काफी परेशानी होती है। इस ओर भी जिम्मेदार अधिकारियों की नजर कभी नहीं पड़ती है।

शहर में 99 प्रतिशत ऑटो वाहन बिना परमिट के चल रहे हैं इसकी जानकारी है। बीच में कुछ चालकों को पकड़ कर उन पर जुर्माना भी ठोंका गया था। चूंकि शहर में इनकी संख्या काफी ज्यादा है और हमारे पास उतना दल-बल नहीं है तो इसके लिए टीम बनाकर अभियान चलाना पड़ेगा। कुछ दिनों में यातायात विभाग के साथ मिल कर ऑटो चालकों को मिनी स्टेडियम में बुला कर उनकी जांच की जाएगी, जिनके पास परमिट नहीं होगा तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

**अमित कश्यप,** आरटीओ अधिकारी, रायगढ़

### कुत्तों से जान बचाने भागता कोटरी कुएं में गिरा



**रायगढ़।** जिले के छाल रेंज में कुत्तों से जान बचा कर भाग रहा एक कोटरी गहरे कुएं में जा गिरा। जिसे गांव के ग्रामीणों ने कुएं से सुरक्षित बाहर निकाल कर वन विभाग की टीम को मामले की जानकारी दी और कोटरी को उनके सुपुर्द कर दिया। दरअसल छाल रेंज के ग्राम बेहरामुड़ा में मंगलवार की सुबह एक कोटरी कुत्तों से बचने के दौरान भागते हुए अचानक कुएं में गिर गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत कर कुएं में सीढ़ी लगाकर कुएं में उतरकर कोटरी की जान बचाई। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग के अधिकारियों को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कोटरी को अपने साथ ले गई।

## शहर में उमड़ा मितानिनों का सैलाब, जाम में फंसी एंबुलेंस



**रायगढ़।** मंगलवार को हजारों की संख्या में मितानिनों ने शहर में रैली निकालते हुए कलेक्टोरेट का घेराव कर दिया। इस दौरान शहर के गोपीटाकीज मार्ग से शहीद चौक तक लंबा जाम लग गया। इस जाम में आम नागरिकों के साथ दो एंबुलेंस भी काफी देर तक फंसे रहे। इस जाम को हटाने के लिए मौके पर एक भी यातायात का जवान नजर नहीं आया। जिससे राहगीरों और मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दरअसल करीब तीन हजार मितानिनों द्वारा अपने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर शहर के प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों से रैली निकालते हुए कलेक्टोरेट का घेराव किया गया था।

## तमनार में ट्रेलर लूटकांड का पुलिस ने 24 घंटे की भीतर किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार पुलिस ने ट्रेलर लूटकांड का महज़ 24 घंटे में खुलासा करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चार ट्रेलर वाहन, एक स्विफ्ट कार और चार मोबाइल फोन समेत 1 करोड़ 56 लाख 24 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है।



पुलिस के अनुसार रायगढ़ निवासी प्रार्थी संजय पटेल ने मई 2025 में एसबीआई कोरबा शाखा से नीलामी में चार ट्रेलर वाहन खरीदे थे। ये वाहन सुगोई ट्रांसपोर्ट में परिचालित थे। 18 अगस्त की रात ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीक्यू 0371 को तमनार क्षेत्र के हुकराडीपा के पास अज्ञात बदमाशों ने लूट लिया। बदमाशों ने चालक एमण्डीण जुबेर और अन्य ड्राइवरों से मारपीट कर उनके मोबाइल भी छीन लिए। जांच में सामने आया कि घटना का मास्टरमाइंड पूर्व वाहन स्वामी अमन गोस्वामी ही था। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के मार्गदर्शन और टीआई कमला पुसाम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जिलेभर में नाकेबंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू की। दबिश के दौरान ओडिशा के हमीरपुर स्थित एक खेत से चारों ट्रेलर बरामद कर लिए गए। पुलिस ने मुख्य आरोपी अमन गोस्वामी सहित सात अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं। आरोपियों के मेमोरेन्डम पर पुलिस ने चार ट्रेलर कीमत 1.50 करोड़, चार मोबाइल कीमत 24 हजार और एक स्विफ्ट कार कीमत 6 लाख सहित कुल 1 करोड़ 56 लाख 24 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की। इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर के नेतृत्व में एएसआई नरसिंह नाथ यादव, सुरूति सिदार, प्रधान आरक्षक देव प्रसाद राठिया सहित पुलिस टीम के कई जवानों की अहम भूमिका रही।

### गिरफ्तार आरोपी

अमन गोस्वामी 28, नारद गोस्वामी 57 दोनों निवासी कुसमुण्डा गेवरा बस्ती कोरबा, जितेन्द्र गिरी 38 निवासी बाजीपाली जिला सुंदरगढ़ ओडिशा, मनीष प्रकाश केंवट 28 निवासी शिलादेही जिला जांजगीर.चांपा, लेखराम केंवट 24 निवासी केशला जिला जांजगीर चांपा, रामरतन पटेल 27 निवासी मोहाडीह जिला जांजगीर चांपा और कुंजराम पटेल 30 निवासी शिलादेही जिला जांजगीर चांपा को गिरफ्तार किया गया है। दो अन्य आरोपी फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश जारी है।

## तीन दिन से रात में सड़क पर आ रहा दंतैल, लोगों मे दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में पिछले तीन दिनों से एक दंतैल हाथी रात होते ही सड़क में आ रहा है, जिससे ना केवल आवागमन प्रभावित हो रहा बल्कि लोग अब शाम होते ही उस मार्ग से गुजरने में डरने लगे हैं।

- इलाके में 10 हाथियों का दल कर रहा विचरण, फसल को पहुंचा रहे नुकसान

दरअसल रायगढ़ में हाथियों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है। रोजाना हाथियों का दल किसानों के खेतों में पहुंच कर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे। इसी क्रम में एक दंतैल पिछले तीन दिनों से बरलिया होते हुए तमनार जाने वाले मार्ग में राटरोट-कसडोल के बीच रात होते ही सड़क में आ रहा हैं, जिससे काफी देर तक वाहनों के पहिये पूरी तरह से थम जा रहें



और हाथी के वापस जंगल में जाने के बाद ही आवागमन शुरू हो पा रहा है। इस मार्ग से आवाजाही करने वाले लोग बताते हैं कि यहां के जंगल में हाथियों की मौजूदगी हमेशा रहती है, लेकिन कभी ऐसा नहीं हुआ था कि हाथी रात होते ही सड़क में आ जाता हो।

उक्त जंगल में 10 हाथियों की मौजूदगी बताई जा रही है, उसी दल में से ही एक हाथी रोजाना सड़क में आ रहा है। हाथियों के दल ने भैसगढ़ी गांव में कुछ किसानों की फसल को नुकसान भी पहुंचाया है।

### उपभोक्ता फोरम ने फरियादी के पक्ष में सुनाया फैसला

# क्लेम देने से इनकार, अब कंपनी भरेगी हर्जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्कार्पियो वाहन के ट्रैक्टर से टकरा कर क्षतिग्रस्त होने पर वाहन मालिक द्वारा चोला मण्डलम के रायगढ़ कार्यालय में बीमा राशि के क्लेम के लिए आवेदन दिया था। आवेदक को राशि प्रदान नहीं किये जाने पर उसने उपभोक्ता फोरम में वाद दायर कर बीमा क्लेम दिलवाने की फरियाद की थी। इस मामले में सुनवाई के बाद फोरम ने बीमा कंपनी को सेवा में कमी करना पाया और चोला मण्डलम को बीमा की राशि 3 लाख 50 हजार, मानसिक क्षतिपूर्ति व वाद व्यय की राशि 20 हजार रूपए प्रदान करने निर्देशित किया है।




दरअसल सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्राम जिल्दी निवासी रमेश कुमार राउत पिता हुलसराम अपने स्वामित्व की स्कार्पियों को सारंगढ़ के बीड़पारा निवासी पीयुष कुमार मेहर चलाने का कार्य करता था। 11 मई 2024 को रमेश का भांजा प्रताप यादव अपने मित्रगण सहित पुरी गया था। वापसी सारंगढ़ आते समय ग्राम बरपाली के पास सामने जा रहे ट्रैक्टर के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने की वजह से स्कार्पियों अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से टकरा गया। जिससे स्कार्पियो के सामने का हिस्सा चकनाचूर हो गया और वाहन चलने योग्य नहीं रहा। स्कार्पियो को ड्राइवर पीयुष मेहर चला रहा था। वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने पर 23 जून 2024 को रमेश द्वारा बीमा क्लेम के लिए कंपनी के मैनेजर की जांच रिपोर्ट, वाहन बीमा की प्रतिलिपि, आरसी बुक, कोटेशन रसीद फोटोग्राफ प्रस्तुत करने के बावजूद चोला मण्डलम के शाखा प्रबंधक ने वाहन प्रताप यादव द्वारा चलाना और उसके पास लायसेंस नहीं होने का हवाला देते हुए बीमा क्लेम की राशि प्रदान नहीं की। इस पर रमेश कुमार राउत ने उपभोक्ता फोरम रायगढ़ में अपने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन देते हुए राशि दिलवाने की गुहार लगाई। फोरम के अध्यक्ष छमेश्वरलाल पटेल, सदस्यगण राजेन्द्र पाण्डेय व राजश्री अग्रवाल ने उभयपक्ष की सुनवाई शुरू की। जिसमें वाहन चालक पीयूष कुमार मेहर द्वारा शपथपत्र देते हुए बताया गया कि वाहन वही चला रहा था तथा प्रताव यादव बगल वाली सीट पर बैठा था। इस पर फोरम ने पाया कि चोला मण्डलम द्वारा बीमा क्लेम न देकर सेवा में कमी की गई है। ऐसे में फोरम ने चोला मंण्डलम कंपनी को 45 दिन के भीतर रमेश कुमार राउत को बीमा क्लेम की राशि 3 लाख 50 हजार रूपए, मानसिक क्षतिपूर्ति 15 हजार व वाद व्यय 5 हजार रूपए देने आदेशित किया है।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444



# थामा में अंधेरे के बादशाह से टकराएंगे आयुष्मान

**मुंबई।** मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स की अगली फिल्म थामा से अब आयुष्मान खुराना समेत फिल्म की पूरी कास्ट का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। साथ ही कौन किस किरादर में नजर आएगा, इसकी भी जानकारी सामने आ गई है। फर्स्ट लुक के सामने आने के बाद अब फिल्म को लेकर लोगों में उत्साह और भी बढ़ गया है। मेकर्स ने फिल्म से आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल के लुक रिवील किए हैं। फिल्म में आयुष्मान खुराना आलोक के किरदार में नजर आएंगे, जो इंसानियत की आखिरी उम्मीद है।

लाइफ Style

# रश्मिका

## न्यूयॉर्क की गलियों में छाया साउथ का जलवा


एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

साउथ इंडस्ट्री के दो पॉपुलर स्टार रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा रविवार को न्यूयॉर्क शहर में 43वें इंडिया डे परेड के दौरान साथ देखे गए हैं। दोनों के यूं साथ किया गया है। ऐसे में लोग दोनों के रिश्ते को लेकर कयास लगाने लगे हैं।

एक्टिंग की दुनिया में दो स्टार का साथ नजर आना कई बार मुसीबत बन जाता है। खासतौर पर जब दोनों के पहले से ही अफेयर के किस्से सामने आ रहे हों, ऐसा ही कुछ साउथ के जाने माने स्टार रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के साथ भी हुआ है। दोनों को साथ में देखा गया है। रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा साउथ इंडस्ट्री की सुपरहिट जोड़ी में से एक हैं। दोनों को साथ में देखने के बाद लोगों ने इनके रिश्ते में होने के कयास फिर से लगाने हैं। बीते दिन रविवार 17 अगस्त को दोनों न्यूयॉर्क शहर में हुई 43वीं इंडिया डे परेड में साथ नजर आए थे। जैसे ही दोनों साथ दिखे, सोशल मीडिया पर इनके रिश्ते को लेकर चर्चाएं फिर से तेज हो गईं। इससे पहले भी दोनों अपने अफेयर को लेकर चर्चा में रह चुके हैं। लेकिन, दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात नहीं की। हमेशा बताया कि दोनों अच्छे दोस्त हैं। 43वीं इंडिया डे परेड में रश्मिका और विजय की कई फोटोज और वीडियो सामने आए हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। इस दौरान विजय को रश्मिका का खास ख्याल रखते हुए भी देखा गया. यही वजह है कि फैंस फिर से मान बैठे कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।




हॉलीवुड मसाला




# स्ट्रेंजर थिंग्स का हिस्सा नहीं

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स की मच टॉक्ड अबाउट वेब सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' अपने अंतिम अध्याय की ओर बढ़ रही है और दुनिया भर के फैंस की तरह अब इस शो के पूर्व एक्टर डेकर मोंटगोमरी भी इसके आखिरी सीजन को देखने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। सीरीज के दूसरे और तीसरे सीजन में बिली हार्ग्रोव का किरदार निभा चुके डेकर मोंटगोमरी अब इस शो को एक दर्शक के रूप में देखने को तैयार हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि वो अब ऑस्ट्रेलिया में सुकून भरी जिदंगी जी रहे हैं।



# जनरल जॉड के किरदार से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर टेरेंस स्टैम्प का 87 साल की उम्र में निधन हो गया है। टेरेंस को सुपरमैन फिल्म में उनके जनरल जॉड के किरदार के लिए जाना जाता था। लंदन में जन्मे टेरेंस स्टैम्प ने 1962 में समुद्री बैकड्रॉप पर आधारित फिल्म 'बिली बड' से अपने करियर की शुरुआत की थी। इस पहली ही फिल्म के लिए उन्हें ऑस्कर नामांकन प्राप्त हुआ। इस फिल्म में उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई थी। हालांकि, स्टैम्प ने कई गंभीर और भावुक भूमिकाएं निभाईं, लेकिन उन्हें सबसे अधिक लोकप्रियता मिली 1978 की सुपरमैन और 1980 की सुपरमैन II में जनरल जॉड के किरदार से। टेरेंस स्टैम्प की सबसे सराही गई भूमिकाओं में 1994 की 'द एडवेंचर ऑफ प्रिसिला, क्वीन ऑफ द डेजर्ट' भी शामिल है।



# बागी-4 का पहला गाना गुजारा हुआ रिलीज


**मुंबई।** टाइगर श्रॉफ की आगामी फिल्म बागी 4 का पहला गाना गुजारा सोमवार को रिलीज हो गया है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ मिस यूनिवर्स हरनाज कौर संधू के साथ इश्क फरमाते नजर आ रहे हैं। इस रोमांटिक गाने में दोनों की जोड़ी काफी जच रही है। ए हर्षा द्वारा निर्देशित 'बागी 4' 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की एक्शन से भरपूर फिल्म बागी 4 का पहला गाना सामने आया है। एक्शन फिल्म का पहला गाना रोमांस से भरपूर है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ के साथ अभिनेत्री हरनाज कौर संधू नजर आ रही हैं। ये गाना पंजाबी सिंगर सरताज के गाने 'तेरे बिना ना गुजारा' का रीमेक है। ये गाना उस समय फिर से चर्चाओं में आ गया था, जब सिंगर जोश ब्रार ने इसका रीमेक किया था और इसे नए तौर पर लाया था।



# डायरेक्टर अनिल ने की गदर-3 की घोषणा

**मुंबई।** गदर 3 के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार करने की जरूरत नहीं है। हालिया इंटरव्यू में डायरेक्टर अनिल शर्मा ने इस फिल्म की घोषणा की है। क्या तीसरी किश्त में अमीषा पटेल भी सकीना के किरदार में नजर आएंगी? दरअसल, पिछले दिनों अमीषा पटेल और अनिल शर्मा के बीच मनमुटाव हुआ था। अपनी फिल्म गदर 3 की कहानी, मेकिंग को लेकर डायरेक्टर ने अपडेट दिया। अनिल शर्मा कहते हैं, 'अमीषा के साथ मेरा रिश्ता अब बहुत अच्छा है। वक्त के साथ-साथ सब चीजें सही हो जाती हैं। अभी सब बढ़िया है। सकीना (अमीषा पटेल) और तारा (सनी देओल) 'गदर' फिल्म सीरीज का एक जरूरी हिस्सा हैं। लेकिन, हम गदर 3 की रिलीज से पहले उनके रोल के बारे में ज्यादा चर्चा नहीं करेंगे। गदर 3 जरूर बनेगी।

टीवी मसाला



# केबीसी 17 को मिला पहला करोड़पति 7 करोड़ के सवाल पर टिकी नजरें

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन होस्टेड फेमस क्विज रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति 17 का धमाकेदार आगाज हो चुका है। ये शो ने शुरू होने के साथ ही सुर्खियों में बना हुआ है। केबीसी में एक बार फिर से अमिताभ का शानदार अंदाज देख न सिर्फ कंटेस्टेंट, बल्कि दर्शक भी काफी खुश हैं। अमिताभ के इस शो के पहले ही हफ्ते में दर्शकों को इस सीजन का पहला करोड़पति मिल गया है। इस प्रोमो में दिखाया गया कि उत्तराखंड के रहने वाले आदित्य कुमार शानदार तरीके से खेल को आगे बढ़ा रहे हैं। अमिताभ के पूछे गए सभी सवालों का जवाब आदित्य ने बिल्कुल सही दिया। इस तरह आदित्य ने 1 करोड़ के सवाल का भी जवाब बिल्कुल सही दिया। एक करोड़ की रकम जीतकर आदित्य फूले नहीं समा रहे थे। बिग बी ने भी उठकर आदित्य को गले लगाया। एक करोड़ जीतने के बाद आदित्य सीधे 7 करोड़ के सवाल पर पहुंच गए हैं। अब हर किसी की नजरें 'कौन बनेगा करोड़पति 17' जैकपॉट वाले सवाल पर टिकी है। हर कोई ये जानने के लिए बेताब है कि क्या आदित्य 7 करोड़ के जैकपॉट वाले सवाल का सही जवाब दे पाएंगे। फिलहाल, ये जानने के लिए सभी काफी उत्सुक हैं। आदित्य ने अमिताभ बच्चन के सामने अपने कॉलेज के दिनों का एक मजेदार किस्सा सुनाया। आदित्य ने बताया कि जब वो कॉलेज में थे तब उन्होंने अपने दोस्तों के साथ केबीसी को लेकर एक मजाक किया था। उन्होंने कहा था कि कॉलेज में केबीसी की शूटिंग होने वाली है। ये सुनकर सभी दोस्त रोज तैयार होकर आते थे, लेकिन जब एक हफ्ता बीत गया तब खुद आदित्य ने बताया कि वो मजाक कर रहे थे। ये सुनकर बिग बी खूब हंसे।

## तान्या हुई कंफर्म, फेमस वकील भी बिग बॉस में मचाएगा बवाल

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के लिए अब जो नाम सामने आ रहा है, वो है तान्या मित्तल का। तान्या एक सोशल मीडिया पर स्टार हैं। तान्या एक सफल सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर ही नहीं, बल्कि एक उद्यमी महिला भी हैं। वो



अपनी सादगी के लिए हमेशा ही सुर्खियों में रहती हैं। बता दें कि इसी साल प्रयागराज में हुए महाकुंभ के दौरान मची भगदड़ में तान्या भी मौजूद थीं। तान्या ने न सिर्फ अपनी जान बचाई, बल्कि लोगों की भी मदद करती नजर आईं थीं। सलमान खान के शो के लिए तान्या का नाम कंफर्म बताया जा रहा है। फिलहाल तान्या की तरफ से शो में जाने को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। बिग बॉस 19 में पिछले कुछ सीजन से देखा जा रहा है कि शो में यूट्यूबर्स, स्टार्स, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर के अलावा वकील भी आ रहे हैं। सीजन 19 में भी एक फेमस वकील की एंट्री को कंफर्म बताया जा रहा है। शो के लिए इस बार फेमस लॉयर अली काशिफ खान का नाम सामने आ रहा है। अली काशिफ को सलमान खान के शो लिए लगभग कंफर्म बताया जा रहा है।

# धमाकेदार होगा यह वीक, बिग बॉस 19 की दस्तक के साथ रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** थिएटर्स में इस वक्त 'कुली' और 'वॉर 2' सजी हुई हैं। साथ ही 'महावतार नरसिम्हा' भी दर्शकों को आकर्षित कर रही है। वहीं, ओटीटी पर बीते हफ्ते काफी शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। अब नए वीक की शुरुआत हो चुकी है और मनोरंजन के शौकीनों के लिए इस वीक भी ओटीटी पर काफी कुछ खास आने वाला है।

*पीसमेकर सीजन 2* : यह सीरीज इस हफ्ते की ओटीटी लिस्ट में शामिल है और 21 अगस्त को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इसमें जॉन सीना, डेनिएल ब्रूक्स, फ्रेडी स्ट्रोमा, जेनिफर हॉलैंड, फ्रैंक ग्रिलो जैसे सितारे नजर आएंगे। बता दें कि 'पीसमेकर' का पहला सीजन साल 2022 में रिलीज हुआ था।



*आमार बॉस* : यह फिल्म 22 अगस्त से जी5 पर स्ट्रीम होगी। यह वही फिल्म है, जिसके जरिए करीब दो दशक बाद दिग्गज अभिनेत्री राखी ने एक्टिंग की दुनिया में वापसी की है। यह बंगाली फिल्म मई में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। अब ओटीटी पर दस्तक दे रही है। इस फिल्म में राखी और शिबोप्रसाद मुखर्जी लीड रोल में हैं। नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी ने इसका निर्देशन किया है।

*मारीसन* : यह तमिल फिल्म है। सुधीश शंकर द्वारा निर्देशित यह फिल्म 22 अगस्त को ओटीटी पर दस्तक देगी। इसे नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस फिल्म में फहाद फासिल और वडिवेलु लीड रोल में हैं। बता दें कि यह फिल्म 25 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज हुई थी।

*थलाइवन थलाइवी'* : विजय सेतुपति और नित्या मेनन अभिनीत यह फिल्म भी इस हफ्ते ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। दोनों सितारों को इस फिल्म में पहली बार साथ स्क्रीन पर देखा गया। यह फिल्म 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 22 अगस्त से यह प्राइम वीडियो पर उपलब्ध होगी।

*शोधा* : यह एक कन्नड़ सीरीज है। इस हफ्ते ओटीटी पर प्रीमियर के लिए तैयार है। निर्देशक पवन कुमार इस वेब सीरीज में लीड रोल में नजर आएंगे। 'शोधा' 22 अगस्त से जी5 पर स्ट्रीम होगी। यह एक सस्पेंस थ्रिलर सीरीज है।

*बिग बॉस 19* : यह वीक इसलिए भी काफी खास है, क्योंकि सलमान खान का रियलिटी शो भी 'बिग बॉस' का नया सीजन भी दर्शकों के बीच पहुंच रहा है। 'बिग बॉस 19' जियो हॉटस्टर पर 24 अगस्त से स्ट्रीम होगा।

# वॉर 2 में कियारा का काम देखकर खुश हुए सिद्धार्थ



*मुंबई। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर स्टारर वॉर 2 का इंतजार लंबे वक्त से किया जा रहा था। फिल्म बड़े पैमाने पर बनी और इसे यशराज के स्पाई यूनिवर्स की सबसे बड़ी कड़ी बताया गया। लेकिन, रिलीज के बाद ऑडियंस का रिएक्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। हाई ऑक्टेन एक्शन और स्टारपावर के बावजूद फिल्म ऑडियंस को पूरी तरह एंटरटेन नहीं कर पा रही। सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर मिलाजुला रिस्पॉन्स देखने को मिला है। इस बीच एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने पत्नी कियारा आडवाणी की परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कियारा के काम को शानदार बताया। सिद्धार्थ ने फिल्म देखने के बाद लिखा, क्या राइड थी! एक्शन, स्केल और स्टाइल सब कमाल। कियारा अडवाणी ऑन स्क्रीन ग्रेस और स्ट्रेंथ लेकर आईं।*

## जब उनके अंदर का बच्चा जागता है तो वो कहता है कि जंगल-जंगल बात चली है पता चला है...

# एक ऐसा फनकार, जिसने जिस विधा को छुआ उसे कर दिया 'गुलजार'



*नई दिल्ली। गुलजार एक हैं, लेकिन उनके रंग अनेक हैं। जब वह गाने लिखने बैठते हैं तो पहला ही गाना लिखते हैं- 'मोरा गोरा अंग लइ ले, मोहे श्याम रंग दई दे'। जिस बॉलीवुड की दुनिया में गोरे रंग की चमक-दमक ही सबकुछ मायने रखती हो, वहां पहले ही गाने में श्याम रंग की चाहत। जब वो स्क्रीन प्ले लिखते हैं तो आनंद जैसी फिल्म सामने आती है। जिसका सार ही ये है कि 'जिंदगी लंबी नहीं बड़ी होनी चाहिए। जब वो निर्देशक की कुर्सी पर बैठते हैं तो आंधी, मौसम और माचिस जैसी फिल्में सामने आती हैं। जहां संवेदनाएं अपने चरम पर हैं और आपके अंदर भावनाओं का एक तूफान सा छोड़ जाती हैं। जब बड़े पर्दे से छोटे पर्दे की ओर रुख करते हैं और टीवी सीरियल बनाते हैं तो मिर्जा गालिब जैसे एक शाहकार से मुलाकात होती है। जब उनके अंदर का बच्चा जागता है तो वो कहता है कि 'जंगल जंगल बात चली है पता चला है, चड्डी पहनकर फूल खिला है।'*

### मेरे अपने से निर्देशन की दुनिया में उतरे

गीत, स्क्रीन राइटिंग और डायलॉग लिखने के बाद गुलजार ने साल 1971 में निर्देशन की दुनिया में कदम रखा। निर्देशक की कुर्सी पर बैठने के बाद उन्होंने पहली फिल्म बनाई मेरे अपने। श्याम आए तो उससे कहना कि छेनू आया था। ये डायलॉग तो आपने कई बार सुना होगा। ये सुपरहिट डायलॉग गुलजार की 'मेरे अपने'का ही है। ये फिल्म एक बूढ़ी विधवा, उसका एक कथित रिश्तेदार और दो युवकों के बीच की कहानी है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी और इस फिल्म ने विनोद खन्ना और शत्रुघ्न सिन्हा के कॅरियर में एक अहम बदलाव लाया था। फिल्म में इन दोनों के अलावा मीना कुमार, देवेन वर्मा, असित सेन, असरानी, डैनी डेन्जोंगपा, कैस्टो मुखर्जी, ए के हंगल, दिनेश ठाकुर, महमूद और योगिता बाली प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

**कॉमेडी ड्रामा परिचय** : इसके बाद 1972 में गुलजार जितेंद्र, जया भादुड़ी, प्राण और संजीव कुमार स्टारर परिचय लेकर आए। इस फिल्म में एक की तलाश करते युवक की कहानी दिखाई गई है। जिसे बाद में पांच बिगड़ैल बच्चों को पढ़ाने की नौकरी मिलती है। ये बच्चे इतने बिगड़ैल हैं कि वो इससे पहले कई टीचर्स को भगा चुके हैं। ये अपने दादा जी राय साहब के साथ रहते हैं, जो समय के बड़े पाबंद हैं। फिल्म की कहानी काफी रोचक है। साथ ही फिल्म रिश्तों और रोजगार के मुद्दे पर भी बात करती है।

**मूक-बधिर की इमोशनल कर देने वाली कहानी कोशिश** : इसी साल गुलजार एक मूक-बधिर जोड़े की दिल को झकझोर देने वाली रोमांटिक-ड्रामा फिल्म कोशिश भी लेकर आए। इस फिल्म में संजीव कुमार, जया भादुड़ी और असरानी प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म में मूक-बधिर कपल हरि चरण और आरती के संघर्ष, उनके दर्द और समाज में अपनी जगह बनाने की उनकी जद्दोजेहद को दिखाया गया है। फिल्म की कहानी काफी भावुक है। कैसे हरि चरण आरती के मरने के बाद अकेले ही अपने बेटे को पालता है और इस दौरान उसे कैसे समाज से भी लड़ना पड़ता है। इस फिल्म के लिए संजीव कुमार को बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। 1972 में आईं ये दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थीं।

### नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले पर बनाई अचानक

गुलजार ने सच्ची घटनाओं पर आधारित फिल्में भी बनाईं और साथ ही उन्होंने अपनी फिल्मों में सामाजिक मुद्दों को भी उठाया है। उन्होंने 1958 में हुए केएम नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले पर फिल्म बनाई थी 'अचानक'। ये वो ही मामला है, जिस पर बाद में अक्षय कुमार की फिल्म रुस्तम बनी हुई है। अचानक में विनोद खन्ना प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। इसके अलावा लिली चक्रवर्ती, फरीदा जलाल और असरानी भी प्रमुख किरदारों में हैं। सबसे खास बात कि खुद गीतकार होने के बावजूद गुलजार की इस फिल्म में एक भी गाना नहीं था। इस फिल्म को काफी पसंद किया गया था और कई अवॉड्र्स में नॉमिनेशन भी मिला था।

**इमरजेंसी में आंधी पर लगा बैन** : साल 1975 में जब देश में इमरजेंसी लगी थी और शोले जैसी ऐतिहासिक फिल्म रिलीज हुई थी। उसी साल गुलजार ने दो ऐसी फिल्में बनाईं जो आज भी आपके अंदर भावों का एक समुंदर सा छोड़ जाती हैं। पहले गुलजार संजीव कुमार और सुचित्रा सेन स्टारर आंधी लेकर आए। यह एक पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म है। जिसमें कई वर्षों के बाद एक अलग हुए कपल की अचानक मुलाकात होती है। जब पत्नी आरती देवी, जो अब एक प्रमुख राजनीतिज्ञ हैं, चुनाव प्रचार के दौरान अपने पति के होटल में ठहरती हैं। इस फिल्म को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरित बताया जाता है। हालांकि, मेकर्स ने इस बात से इंकार किया था।

## खबर संक्षेप

### जिले में 1 जून से अब तक 7711.3 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 7711.3 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 19 अगस्त तक की स्थिति में 7223.6 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 13.9 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 856.0 मिमी, मनोरा में 973.1 मिमी, कुनकुरी में 1139.2 मिमी, दुलदुला में 456.1 मिमी, फरसाबहार में 603.6 मिमी, बगीचा में 821.3 मिमी, कांसाबेल में 723.1 मिमी, पत्थलगांव में 676.5 मिमी, सन्ना में 907.6 मिमी एवं बागबहार में 554.8 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कांसाबेल तहसील अंतर्गत ग्राम खुटीटोली निवासी दशरथ पैंकरा का कुआं के पानी में डूबने से 28 जुलाई 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनकी पत्नी सुखमेत पैंकरा हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में हो रही लगातार चोरियों से जिलेवासी हलाकान

**महादेवडांड।** लगातार हो रही चोरियों से जिलेवासी सकते में नजर में आ रहे है। कुछ दिनों पहले जिला मुख्यालय के टिकैतगंज में एकसाथ एक ही कालोनी के दरवाजों के तले टूटे थे, उसी तर्ज पर कांसाबेल में भी चोरी की वारदात हुई थी। कल रात तकरीबन 1 से दो बजे के बीच महादेवडांड मुख्यमार्ग पर स्थित बसंत गुप्ता के कृषि सेवा केंद्र एवं दवाई दुकान में चोरों ने धावा बोल लगभग 50 हजार रुपए नकद, 4 से 5 दवाई की पेटी एवं बीज के पैकेट लेकर फरार हो गए। जैसे ही शटर की आवाज परिवार वालों ने सुनी दुकान की तरफ गए और देखा कि दो जोड़ी चप्पल कटर मशीन राखी हुई है जिसे चोर छोड़ कर भागे है। बसंत ने इसकी रिपोर्ट महादेव डांड थाने में की है। अब देखना है कि हो रही सीरियल चोरी को पुलिस प्रशासन कब तक रोक पाता है।

### गुमशुदा एवं ऋणात्मक शेष प्रकरणों हेतु शिविर 20 से

**अम्बिकापुर।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) अभिदाताओं के गुमशुदा एवं ऋणात्मक शेष प्रकरणों के निराकरण हेतु महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा 20 अगस्त से 22 अगस्त तक अम्बिकापुर के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के सभागार में कार्यालयीन समय में शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी को उक्त शिविर में कार्यालयीन समय 10 से 5.30 बजे तक उपस्थित होकर संबंधित अभिदाताओं के प्रकरणों का तत्परता से निराकरण कराए जाने कहा है।

### नगर सैनिकों की भर्ती के सम्बन्ध में परिणाम जारी

**अम्बिकापुर।** नगर सेना विभाग के 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों की भर्ती कार्यवाही गई है।




### स्वास्थ्य विभाग के संविदा एनएचएम कर्मचारी हड़ताल पर

# मांग जल्द न पूरी हुई तो स्वास्थ्य व्यवस्था होगी खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर पर जिला एनएचएम संघ की जशपुर, इकाई वर्षों से चली आ रही नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ के सभी एनएचएम अधिकारी, कर्मचारी सोमवार 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।

एनएचएम संघ जिला जशपुर, इकाई द्वारा बताया गया कि वर्तमान सरकार के निरंकुश रवैये और वादा खिलाफी से आहत होकर आज से जशपुर जिले के समस्त एनएचएम अधिकारी, कर्मचारी अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल पर है। अपनी मांगों की और शासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए क्रमबद्ध एवं



शांतिपूर्ण रूप से जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन, रैली, करेंगे। जिसके लिए आज संघ के द्वारा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित अनुविभागीय अधिकारी जशपुर को आवेदन दे दिया है। स्वास्थ विभाग की रीढ़ माने जाने वाले एनएचएम कर्मियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से ना सिर्फ जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है बल्कि जिले वासियों को उपचार हेतु मूलभूत सुविधा भी मिलना मुश्किल हो जाएगा।

#### जिले में पूर्व से ही कर्मचारियों की कमी

वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग जिला जशपुर मे वैसे ही कर्मचारियों की कमी है।जिले में कार्यरत अधिकतम स्वास्थ कर्मचारी एनएचएम से है और ऐसे मे स्वस्थ कर्मचारी लंबे समय तक हड़ताल पर रहे तो जिले की स्वस्थ व्यस्था ठप पड़ जाएगी।

# नशीली कैप्सूल बेचने का आठ माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल की बिक्री के मामले में आठ माह से फरार आरोपी को पकड़ने में सफलता पाई है। ऑपरेशन अंकुश के तहत थाना कुनकुरी पुलिस ने सोमवार देर रात आरोपी मो. आमिर 27 वर्ष, निवासी ग्राम कुरकुंगा, सुखबासु बस्ती थाना नारायणपुर, जिला जशपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

थाना कुनकुरी क्षेत्र में दिसंबर 2024 में आरोपी आमिर अपने साथी मकसूद आलम के साथ मिलकर प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल की बिक्री कर रहा था। उसी दौरान पुलिस ने मकसूद आलम को रंगे हाथ पकड़ लिया था और उसके कब्जे से कुल 407 नशीली कैप्सूल बरामद किए थे, जिनकी कीमत करीब 29 हजार आंकी गई थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पूछताछ में मकसूद आलम ने खुलासा किया था कि प्रतिबंधित कैप्सूल उसके साथी आमिर लेकर आया था और दोनों मिलकर बिक्री कर रहे थे। इसके बाद से ही आरोपी आमिर फरार चल रहा था। पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश में लगी हुई थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी आमिर 18 अगस्त की रात अपने गांव कुरकुंगा आया हुआ है। थाना प्रभारी कुनकुरी निरीक्षक राकेश कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस दल ने दबिश देकर आमिर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में आरोपी आमिर ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# आदिवासी छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर

**जशपुरनगर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर सत्येन्द्र कुमार साहू की अध्यक्षता में शासकीय आदिवासी प्री मैट्रिक बालक छात्रावास नारायणपुर एवं शासकीय आदिवासी प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास बासंताला में विगत दिवस 17 अगस्त को विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं शिविर का आयोजन किया गया।

प्रधान जिला न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार साहू ने जागरूकता कार्यक्रम में कहा कि सभी नागरिकों को न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित किए जाने तथा कोई भी गरीब या किसी अन्य अभाव के कारण न्याय से वंचित न रहे, उसके लिए संविधान के अनुच्छेद 39 ए में प्रावधान किया गया है। साथ ही सभी नागरिकों तक न्याय की पहुंच को सरल बनाने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण



अधिनियम 1987 के अंतर्गत राष्ट्रीय, राज्य, जिला एवं तालुका स्तर पर कानूनी सेवा प्राधिकरणों और समितियों की स्थापना की गई है। उनके द्वारा दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961. समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीडन, बाल विवाह, नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं अवैध तस्करी के संबंध में कानूनी जानकारी नशा मुक्ति बाल श्रम अधिनियम, 1986, घरेलु हिंसा से महिलाओं का सरक्षण अधिनियम, 2005, हेल्पलाईन नंबर 1098. लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, समझौते के माध्यम से प्रकरण निराकरण हेतु नेशनल लोक अदालत एवं मध्यस्थता के संबंध में जानकारी दी गई। द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जशपुर क्रांति कुमार सिंह द्वारा मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम, निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006, किशोर न्यायअधिनियम, 2015 एवं बाल श्रम अधिनियम, 1986 के संबध में जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर सचिव कु० श्वेता बघेल द्वारा शिक्षा का अधिकार सवैधानिक अधिकार एवं कर्तव्य, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत निःशुल्क विधिक सहायता व सलाह हेतु पात्रता के संबंध में जानकारी दी गई। न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ श्रेणी जशपुर प्रज्ञा सिंह द्वारा माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007. शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009, महिलाओं का अशिष्ट चित्रण अधिनियम, 1986, नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100 के संबंध में जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षक सहित कुल 70 छात्राएं उपस्थित रहे।

### कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 24 को

**जशपुरनगर।** प्रयास आवासीय विद्यालय डोड़काचौरा जशपुर में शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 11वीं में गणित-विज्ञान की रिक्त सीटों में छात्र-छात्राओं के प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 24 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक किया किया जाएगा। प्रवेश हेतु चयन परीक्षा प्रयास आवासीय विद्यालय डोड़काचौरा जशपुर मे होगा। आदिम जाति कल्याण विभाग जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विद्यालय में कक्षा 11वीं में कुल रिक्त 9 सीटों पर छात्र-छात्राओं का प्रवेश लिया जायेगा। इनमें वर्गवार विभिन्न सीटें रिक्त है। रिक्त सीटों में अनुसूचित जनजाति बालक-2 एवं बालिका-3 सीट, अनुसूचित जाति वर्ग के बालिका-1 सीट, अन्य पिछड़ा वर्ग के बालक-2 सीट तथा सामान्य वर्ग के बालक-1 सीट रिक्त है, रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र-छात्राएं 22 अगस्त तक आवेदन पत्र कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जशपुर एवं प्रयास आवासीय विद्यालय डोड़काचौरा के कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त एवं जमा कर सकते है। परीक्षा में शामिल होने हेतु विद्यार्थियों की न्यूनतम पात्रता कक्षा 10वीं में 60 प्रतिशत अंक-समकक्ष ग्रेड के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आवेदन पत्र के साथ कक्षा 10वीं की अंकसूची, निवास-प्रमाण, जाति-प्रमाण, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं 2 पासपोर्ट फोटो जमा करना होगा। प्रवेश परीक्षा परिणाम के मेरिट आधार पर छात्र-छात्राओं को कक्षा 11वीं में प्रवेश दिया जाएगा।

# गांजा उगाने वाला धनुषधारी गिरफ्तार



**जशपुरनगर।** चौकी पंडरापाठ पुलिस ने ग्राम गायबुड़ा में अवैध गांजा उगाने वाले धनुषधारी यादव उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार, 17 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली कि धनुषधारी यादव अपनी मिर्ची की बाड़ी में तीन गांजे के पौधे उगा रहा है और उनकी पत्तियों व डंठलों को काटकर बाड़ी में सुखा रहा है। सूचना के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी के निर्देशन में पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई की और आरोपी की बाड़ी पर दबिश दी। तलाशी में पुलिस ने तीन गांजे के पौधों के ठूंठ, सुखाई गई पत्तियां और डंठल बरामद किए। कुल जब्त गांजे का वजन 2 किलो 40 ग्राम है, जिसकी अनुमानित



बाजार कीमत लगभग 4 हजार बताई जा रही है। जांच में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया और बताया कि उसने ही अपने बाड़ी में यह अवैध पौधे उगाए थे। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। चौकी प्रभारी पंडरापाठ उप निरीक्षक सतीश सोनवानी, आरक्षक दिनेश्वर भगत, बिलचियूस लकड़ा और महिला आरक्षक लीलावती यादव ड्यूटी में उपस्थित रहे।

# ब्लैक में 266 की यूरिया खाद 700 में मिल रही, किसान परेशान



**कोतबा।** क्षेत्र के किसानों को समय पर यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है। कभी यूरिया नहीं है तो यूरिया आने के बाद आईडी नम्बर नहीं होने का हवाला देकर किसानों को महीनों से बैरंग लौटाया जा रहा है।

रोपाई के बाद सबसे पहले किसानों को यूरिया खाद की आवश्यकता होती है। लेकिन कोतबा सोसायटी के चक्कर लगाकर किसान परेशान हो चुके है। किसानों ने बताया कि शासन से मिलने वाला यूरिया खाद खुले बाजार में 266 कई जगह 650 से 700 में बिक रहा हैं। लेकिन सहकारी समितियों में इसका भंडारण नहीं होना विभागीय कर्मचारियों सहित प्रबंधक की लापरवाही को उजागर करता है। जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्र में हालात ये हो गए हैं कि किसान एक-एक बोरी यूरिया के लिए सहकारी समितियों के चक्कर लगाने को विवश है। वहीं निजी दुकानदार किसानों को महंगे दामों में यूरिया खाद के लेने को विवश कर रहे है। मंगलवार को कोतबा समिति में बड़ी संख्या में किसानों का हुजूम जुटा और जमकर नाराजगी व्यक्त करते हुये हंगामा मचाया किसान संतराम नारंग, कृपाल पैंकरा, सुरेश पैंकरा, रतन सिदार, जयनारायण, सहित अन्य ने बताया कि शासन प्रशासन और विभागीय कर्मचारियों की लापरवाही से यूरिया खाद होने के बावजूद किसानों को वितरित नही की गई। बताया गया कि अभी डीडी नम्बर अधिकारियों द्वारा जारी नहीं किया गया है। किसानों का कहना है कि रविवार को कोतबा स्थित गोदाम में 730 बोरी यूरिया का भंडारण किया गया हैं। बावजूद दो दिनों का चक्कर लगाने के बाद समिति द्वारा विभाग के से आईडी जारी नहीं होने का हवाला देकर उन्हें खाली लौटाया जा रहा है। इधर किसानों का कहना है कि रोपाई के बाद काफी वक्त गुजर गया लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल रहा हैं। जिससे उनकी खेती पिछड़ रही हैं किसानों का आरोप है कि यहां दो प्रबंधक रहने के बावजूद कोई मौजूद नहीं रहता बस कर्मचारियों के भरोसे छोड़ दिया गया है। सैकडों की संख्या में पहुंचे किसानों ने जमकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी अवस्था में यहां के प्रबंधक के ऊपर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए जो किसानों के हित मे कार्य नहीं करता हो।

#### जांच की जाएगी

मामले को तत्काल संज्ञान में लिया जा रहा है। इसकी जांच के लिए तहसीलदार को निर्देशित करता हूं।

-**ऋतुराज बासेन,** एसडीएम पत्थलगांव

### 90 वर्षीय चाका बाई फिर सुन सकती है जीवन की मधुर ध्वनि

**जशपुरनगर।** 90 वर्षीय चाका बाई की चेहरे से झलकती मुस्कराहट बता रही है कि उनके जीवन में खुशियां फिर से लौट आई है। उम्र के इस दौर में शारीरिक परेशानियों का आना स्वाभाविक है और ऐसे समय में की गई सहायता बुजुर्गों के लिए बड़ी सहारा बनती है। ठीक से सुनाई नहीं देने की समस्या से जूझ रही चाका बाई मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पहुंची। उन्हें उम्मीद थी कि उन्हें उनकी परेशानियों का समाधान यहां पर अवश्य मिलेगा और हुआ भी ऐसा ही, कैंप कार्यालय से उन्हें तत्काल मदद मिली और उसे श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। ग्राम पंचायत जामचुआं, तहसील कुनकुरी निवासी चाका बाई ठीक से सुनाई नहीं देने की समस्या से जूझ रही थी। उन्होंने कैंप कार्यालय में आवेदन देकर अपनी समस्याओं को साझा किया। कैंप कार्यालय ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उनके आवेदन पर त्वरित कार्रवाई की और उन्हें श्रवण यंत्र प्रदान किया। श्रवण यंत्र पाकर चाका बाई ने अपनी प्रसन्नता जाहिर की और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आशीर्वाद दिया है। गरीबों को मदद करने की संवेदनशील सोच और समय पर उनका काम बन सके।

# नए घर ने जीवन की सबसे बड़ी खुशी दी




**जशपुरनगर।** बगीचा विकासखंड की ग्राम पंचायत पंड्रापाठ निवासी पहारु राम वर्षों से कच्चे मकान में रहकर जीवनयापन कर रहे थे। बरसात के दिनों में छत टपकना, सर्दियों में ठंड से बचाव की समस्या और गर्मियों में तपन सहना उनके परिवार की मजबूरी बन गई थी।

सीमित संसाधनों के कारण पक्का मकान बनाना उनके लिए केवल एक सपना था। वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत उन्हें आवास की स्वीकृति मिली। समय पर राशि और सामग्री की उपलब्धता के कारण उनका मकान तैयार हुआ और अब वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित पक्के घर में रह रहे हैं। पहारु राम बताते हैं कि नए घर ने उन्हें जीवन की सबसे बड़ी खुशी दी है। उनके अनुसार अब मेरे परिवार को मौसम की मार से बचाव मिल रहा है। यह घर हमारे लिए सुरक्षा और सम्मान की नई पहचान है।

इस योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को वित्तीय सहायता दी जाती है, ताकि वे अपना आवास स्वयं बना सकें और सम्मानजनक जीवन जी सकें। यह योजना केवल आश्रय का साधन ही नहीं बल्कि सामाजिक सुरक्षा, गरिमा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।






खबर संक्षेप

## व्याख्याताओं का प्राचार्य पदोन्नति में अनियमितता

**तमनार।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग टी संवर्ग महानदी भवन नया रायपुर के आदेश से 30 अप्रैल 2025 के अंतर्गत प्राचार्य पदोन्नति सूची जारी की गई जिसमें घोर अनियमितता परिलक्षित होती है लोक शिक्षण संचलनालय द्वारा 1अप्रैल 23 की वरिष्ठता सूची के अनुसार व्याख्याताओं से गोपनीय प्रतिवेदन मंगाई गई किंतु विभाग द्वारा जारी प्राचार्य पदोन्नति सूची एल बी टी संवर्ग में वरिष्ठता सूची को दरकिनार कर 301 प्राचार्थो की चयन सूची जारी की गयी जिसमें वरिष्ठता क्रम की धज्जीयाँ उडाते हुए सरल क्रमाक 306 के बाद 80 व्ख्याताओं को पदोन्नत सूची मे नाम आ गया जबकि सरल क्रमांक 268 से 306 तक कुल 39 रायगढ़ जिले के ही व्याख्याताओं को छोड़ दिया गया उक्त विसंगति का अभ्यावेदन रायगढ़ जिले के व्याख्याताओं द्वारा 01 मई को लिखित रुप में संचालक लोक शिक्षण संचलनालय को दिया गया ततपश्चात कई बार दिया जा चुका है परंतु आज तक अभ्यावेदन का निराकरण नहीं किया गया लोक शिक्षण संचालनालय जाने पर दिनभर एक के बाद एक के पास भेजा जाता है किन्तु कोई हल नही निकलता इस तरह प्राप्त अभ्यावेदनों का बिना निराकरण किये ही पदोन्नति प्राचार्य ;टी संवर्गद्ध की काउंसलिंग सूची जारी कर 20 अगस्त 25 से इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है इससे साफ साफ शिक्षा विभाग की लापरवाही और अन्दरुनी बातों की ओर इशारा करता है।

## नवजात शिशुओं को किया सुरक्षा किट का वितरण

**चांपा।** स्थानीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब चांपा द्वारा क्लब के संचालक मंडल एवं सामान्य सभा की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार रविवार 17 अगस्त को श्रीमती हेमिनबाई रामनारायण राठौर मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती 19 नवजात शिशुओं की माताओं को बच्चों की सुरक्षा के लिए हिमालिया कंपनी की ओर से प्रदत्त सुरक्षा किट का वितरण किया गया। इस मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने कहा कि क्लब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सेवा कार्य संपादित करता है। इसके तहत समय समय पर जरूरतमंद लोगों की आवश्यकतानुरूप उन्हें लाभ पहुंचाने का प्रयास क्लब द्वारा निरंतर किया जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित लायन डॉ. के. पी. राठौर ने कहा कि नवजात शिशुओं को प्रारंभिक दिनों में अधिक सुरक्षित देखभाल की जरूरत होती है।

श्रद्धांजलि...

## सीताबाई श्रीवास



**पुसौर।** ग्राम गोर्रा निवासी सीता बाई श्रीवास पति स्व. प्रतिपाल श्रीवास का 9 अगस्त (रक्षाबंधन पर्व) को 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे मूलतः मालखरोदा ब्लॉक के ग्राम पोता निवासी थीं और विवाह उपरांत गोर्रा के प्रतिष्ठित श्रीवास परिवार की बहू बनीं। पति के निधन के बाद भी उन्होंने धैर्यपूर्वक परिवार का पालन-पोषण किया और चार पीढ़ियों को अपनी गोद में खिलाने का सौभाग्य पाया। धार्मिक प्रवृत्ति और भक्ति भाव से जुड़ी सीता बाई उपवास और पूजा-पाठ में सदैव अग्रणी रहीं।

### राज्यपाल करेंगे शुभारंभ, मुख्यमंत्री होंगे समापन समारोह में शामिल

# 40 वां चक्रधर समारोह 27 अगस्त से 5 सितम्बर तक, रामलीला मैदान में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




देश विदेश में प्रतिष्ठित रायगढ़ के चक्रधर समारोह के 40 वें संस्करण का शुभारंभ 27 अगस्त से होने जा रहा है। 10 दिवसीय समारोह में देश के सुप्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुति देने पहुंचेंगे। छत्तीसगढ़ शासन, संस्कृति विभाग, पर्यटन मण्डल एवं जन सहयोग से जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध 40 वें चक्रधर समारोह 2025 का आयोजन आगामी 27 अगस्त से 5 सितम्बर तक किया जाएगा। समारोह का शुभारंभ राज्यपाल रमेन डेका करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समापन समारोह में शिरकत करेंगे। यह भव्य सांस्कृतिक आयोजन प्रतिदिन सायं 7 बजे से रामलीला मैदान रायगढ़ में होगा।

समारोह का शुभारंभ 27 अगस्त को गणेश वंदना के साथ होगा, जिसे स्व. वेदमणि सिंह ठाकुर के शिष्यों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके पश्चात दिल्ली से आए पंडित राजेन्द्र गंगानी कथक नृत्य की प्रस्तुति देंगे और प्रसिद्ध कवि डॉ.कुमार विश्वास अपनी ओजस्वी काव्य प्रस्तुति से श्रोताओं को भावविभोर करेंगे। द्वितीय दिवस 28 अगस्त को श्रीमती पूजा जैन रायगढ़ द्वारा कथक सुश्री राजनंदिनी पटनायक रायगढ़ द्वारा ओडिशी, श्रीमती प्रियंका सलूजा बिलासपुर द्वारा कथक, डॉ.राखी रॉय भिलाई द्वारा भरतनाट्यम एवं सुश्री देविका देवेन्द्र एस मंगलामुखी आगरा द्वारा कथक की प्रस्तुति दी जाएगी।

तृतीय दिवस 29 अगस्त को सुश्री राधिका शर्मा रायपुर एवं सुश्री अंजली शर्मा पुणे द्वारा कथक गुरू श्रीमती बाला विश्वनाथ बेंगलोर द्वारा भरतनाट्यम, सुश्री आरू साहू धमतरी द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकगीत एवं महाराष्ट्र के पंण्योगेश शम्सी तबला पर प्रस्तुति देंगे। 30 अगस्त को प्रो.डा.लवली शर्मा खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय द्वारा सितार वादन, सुश्री इशिका गिरी रायपुर द्वारा कथक, सुश्री भूमिसुता मिश्रा एवं सुश्री लिप्सा रानी बिस्वाल रायपुर द्वारा ओडिसीए श्रीमती श्वेता वर्मा लखनऊ द्वारा कथक, पद्मश्री राधेश्याम बारले भिलाई द्वारा पंथी एवं जनाब अनीस साबरी दिल्ली द्वारा कव्वाली की प्रस्तुति दी जाएगी।

31 अगस्त को सुश्री आद्या पाण्डेय भिलाई द्वारा भरतनाट्यम सुश्री शैल्वी सहगल रायगढ़ द्वारा कथक सुश्री अन्विता विश्वकर्मा रायपुर द्वारा शास्त्रीय नृत्य शैली, डॉ.कृष्ण कुमार सिन्हा राजनांदगांव कथक पर प्रस्तुति देंगे। इसी दिन कवि सम्मेलन होगा जिसमें प्रदेश के प्रतिष्ठित कवियों द्वारा चिराग जैन एंड कं दिल्ली एवं बंशीधर मिश्रा हास्य कवि बिलाईगढ़ द्वारा काव्य पाठ किया जाएगा।

01 सितम्बर को डॉ.योगिता मांडलिक इंदौर द्वारा कथक भूपेन्द्र बरेठ एवं ग्रुप बिलासपुर द्वारा कथक डॉ.विपुल रॉय दिल्ली द्वारा संतूर वादन एवं नितिन दुबे एवं ग्रुप रायगढ़ लोक गायन पर प्रस्तुति देंगे। 02 सितम्बर को कुमारी काजल कौशिक बिलासपुर द्वारा कथक नरेन्द्र गुप्ता रायगढ़ द्वारा काव्य पाठ, सचिन कुम्हरे कबीरधाम द्वारा कथक, श्रीमती छाया चंद्राकर एवं समूह रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक संगीत एवं खैरागढ़ के दीपक दास महंत तबला वादन पर प्रस्तुति देंगे। 03 सितम्बर को अर्नव चटर्जी मुंबई द्वारा गायन, श्रीमती वासंती वैष्णव एवं समूह बिलासपुर द्वारा कथक, श्रीमती अजीत कुमारी कुजूर रायपुर द्वारा भरतनाट्यम, श्रीमती निलांगी कालान्तरे जबलपुर मध्यप्रदेश द्वारा कथक एवं अबुझमाड़ के मनोज प्रसाद मलखम्ब का प्रदर्शन करेंगे। 04 सितम्बर को कुमारी नित्या शर्मा सतना द्वारा कथक लखनऊ घराना सुश्री यामी वैष्णव सारंगढ़ द्वारा कथक मोहित शास्त्री मुम्बई द्वारा बांसुरी वादन, कलईमामणि गुरू श्रीमती गोपिका वर्मा चेन्नई द्वारा मोहिनी अट्टम एवं श्रीमती कविता वासनिक एवं ग्रुप दुर्ग छत्तीसगढ़ी लोकरंग पर प्रस्तुति देंगी। समापन दिवस 5 सितम्बर को पद्मश्री डॉ. नलिनी कमलिनी अस्थाना दिल्ली द्वारा कथक एवं प्रसिद्ध गायक पद्मश्री कैलाश खेर मुम्बई गायन की प्रस्तुति देंगे।

### 1 से 3 सितम्बर तक होगी कुश्ती एवं कबड्डी प्रतियोगिता

चक्रधर समारोह के अंतर्गत 1 से 3 सितम्बर तक मोतीमहल परिसर रायगढ़ में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने हेतु कुश्ती एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय एवं स्थानीय स्तर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।



## बिंजकोट में अवैध शराब पर रेड, महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधरनगर पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसते हुए मंगलवार को ग्राम नावापाली बिंजकोट में दबिश देकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 15 लीटर महुआ शराब और एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक अमित शुक्ला को सुबह मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से महुआ शराब लेकर ग्राम लहंगापाली की ओर जा रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम रवाना की गई और बिंजकोट केलो नदी पुल के पास घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सत्यनारायण चौहान पिता कष्टो चौहान उम्र 51 वर्ष निवासी ग्राम एकताल स्कूलपारा थाना चक्रधरनगर बताया। आरोपी के पास से दो प्लास्टिक जरीकेन में भरा करीब महुआ शराब बरामद हुआ, जिसकी कीमत लगभग 3 हजार रुपये है। इसके साथ ही आरोपी से एक सोल्ड एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल भी जब्त की गई, जिसका मूल्य 48 हजार रुपये है। पुलिस ने आरोपी सत्यनारायण चौहान के खिलाफ थाना चक्रधरनगर में धारा 34(2) 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की और उसे रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक अमित शुक्ला के नेतृत्व में इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक संतोष कुमार कुर्रे, आरक्षक चंद्र कुमार बंजारे, मिनकेतन पटेल और सुशील मिंज की अहम भूमिका रही।

## पुसौर हायर सेकेंडरी स्कूल में विकास और छात्रों का प्रोत्साहन जारी

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में शाला विकास समिति के सक्रिय प्रयासों से शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर दोनों में महत्वपूर्ण सुधार देखने को मिल रहे हैं। समिति अध्यक्ष भरत षडंगी एवं अन्य सदस्यगण स्कूल के विकास और छात्रों की पढ़ाई में उत्कृष्टता लाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

समिति के प्रयासों के तहत पूरे शाला भवन में विद्युतीकरण, पंखा व्यवस्था और रंग-रोगन कराया गया है। इसके अलावा, शाला परिसर में एनटीपीसी लारा के सहयोग से शौचालय का निर्माण भी संपन्न हुआ है। हाल ही में क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रायोगिक शाला भवन हेतु स्वीकृति भी प्रदान की गई है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मानी मोहित सतपथी, पार्षद पति अंशु साव, निराकार पटेल, पार्षद फगुलाल



गुप्ता, रूपेश साव सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अमरबेली केरकेटा और शाला परिवार ने की। इस अवसर पर 10वीं कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त मनीष सरल और 12वीं में अनिस चौहान को 51-51 सौ रुपए नगद पुरस्कार दिया गया। साथ ही, टॉप टेन छात्रों के लिए 51,000 रुपए नगद पुरस्कार देने की घोषणा भी की गई। प्रत्येक कक्षा में अधिक अंक लाने वाले छात्रों को 500-500 रुपए नगद देकर सम्मानित किया गया, जिनमें श्याम गुप्ता, हर्ष चौहान, शत्रुघन चौहान, तपस्विनी माली, दिव्या साव, जितेन्द्र गुप्ता, रिंकी निशाद और मनीष साव शामिल हैं। कुछ ही दिन पहले, स्कूल के रसायन विषय के व्याख्याता नैमिष पाणिग्राही को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें भी भरत षडंगी द्वारा साल श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## रावत समाज को केन्द्र में शामिल करने की मांग

**रायगढ़।** झेरिया यादव समाज ने राज्यभर में रावत उपनामधारी वर्ग को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर ज्ञापन अभियान चलाया। रायगढ़ समेत सभी जिलों में समाज के प्रतिनिधियों ने कलेक्टरों को मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने रावत समाज को ओबीसी की मान्यता दी है, लेकिन केंद्र सूची में नाम शामिल न होने से यह वर्ग आरक्षण और योजनाओं के लाभ से वंचित है। प्रदेश उपाध्यक्ष भगतराम यादव ने कहा कि इससे समाज शैक्षणिक और सामाजिक अवसरों में पिछड़ रहा है। वहीं राजनीति प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजू यादव ने पूर्व सरकारों पर गंभीर पहल न करने का आरोप लगाया। प्रदेश महामंत्री सुनील कुमार यादव ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र पहल नहीं हुई तो समाज राज्य से लेकर केंद्र तक आंदोलन करेगा। अब तक आंदोलन शांतिपूर्ण है, लेकिन समाज के नेताओं ने संकेत दिया कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो संघर्ष तेज होगा।

## एनटीपीसी लारा ने छपोरा के बच्चों के सपनों को दी नई उड़ान

- आशाओं को पंख पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों को मिले स्कूल बैग

**रायगढ़।** छपोरा गाँव के शासकीय विद्यालय का वातावरण मंगलवार की सुबह उत्साह और खुशी से भर गया। बच्चे नई उम्मीद और जोश के साथ विद्यालय पहुँचे क्योंकि उस दिन उनके सपनों को नई उड़ान देने एनटीपीसी लारा पहुँचा था। सीएसआर की महत्वाकांक्षी पहल आशाओं को पंख के अंतर्गत बच्चों को शिक्षा से जुड़ी जरूरी सामग्री उपलब्ध कराई गई।

एनटीपीसी लारा केवल बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है बल्कि आसपास के गाँवों की सामाजिक प्रगति में भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। आशाओं को पंख जैसी पहल इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा में किया गया निवेश ही सबसे बड़ा और अमूल्य निवेश है।



कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्कूल बैग, स्टेशनरी किट और पानी की बोतलें वितरित की गईं। पहली नजर में ये साधारण वस्तुएँ भले लगें, पर बच्चों के लिए यह आत्मविश्वास सम्मान और प्रेरणा का प्रतीक बन गईं। कार्यक्रम में एनटीपीसी लारा के कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उनके साथ जाकिर खान, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन, धनेश्वर प्रधान, सरपंच ग्राम पंचायत छपोरा, विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में गाँववासी भी शामिल हुए। अपने प्रेरणादायी संबोधन में अनिल कुमार ने बच्चों से कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें, बड़े सपने देखें और अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि एनटीपीसी लारा शिक्षा और सामाजिक विकास की दिशा में इसी तरह सहयोग देता रहेगा।

## सरसीवा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से संपन्न

**सरसीवा।** नगर पंचायत सरसीवा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव हर्षोल्लास और धार्मिक उमंग के साथ संपन्न हुआ। पूरे नगर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और नागरिकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं प्रदेश जिला पंचायत संघ के अध्यक्ष संजय भूषण पांडे, भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दुर्गेश केसरवानी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शिव कुमारी



साहू, श्रीमती सहोदरा सिदार, श्रीमती सुशीला साहू, श्रीमती भगवती पटेल, गोपाल पांडे महाराज, नीतीश बंजारे, सुनील शर्मा, नीलेश दुबे, दिनेश चंद्रा, मुंद्रिका राय सहित नगर पंचायत के वरिष्ठ जन प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की झांकियों, भक्तिमय भजन-कीर्तन और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उत्सव स्थल पर भक्ति और आनंद का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## सारंगढ़ दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंची प्रियंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

- प्रांजल दिव्यांगजन स्कूल में केला, बिस्किट बांट कर बढ़ाया आत्मविश्वास

वेलफेयर फाउंडेशन समिति के तत्वावधान में संचालित प्रांजल दिव्यांगजन स्कूल सारंगढ़ दिव्यांग बच्चों के लिए आशा की किरण बना हुआ है। संस्था की संचालक हीरा देवी निराला के नेतृत्व में यहां मानसिक मंदबुद्धि, मूक-बधिर और दृष्टिबाधित सहित विभिन्न प्रकार के दिव्यांग बच्चों को साइन लैंग्वेज और ब्रेल लिपि के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। साथ ही उनके रहने-खाने और स्वास्थ्य की भी व्यवस्था संस्था द्वारा की जाती है।

कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 17 अगस्त को शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा की



नवाचारी शिक्षिका और मोटिवेशन स्पीकर प्रियंका गोस्वामी दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंचीं। उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को केला और बिस्किट पैकेट वितरित किए। इस दौरान उन्होंने प्रेरक भाषण देकर बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाया और उन्हें अच्छी पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके संबोधन से बच्चे भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम में प्रियंका गोस्वामी ने विद्यालय की संचालक हीरा देवी निराला को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। वहीं संस्था की ओर से गोस्वामी को शिक्षा और सामाजिक कार्यों में योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अधीक्षक जीतराम निराला, मूकबधिर शिक्षक घनश्याम सिंह सिदार, धर्मेंद्र पटेल, प्रांजल निराला, गुड मैनर शिक्षिका मंजू यादव, रसोईया शिवरात्रि कोशले, याचना चौहान, स्वच्छक चंदन खड़िया तथा भृत्य नरेश सिदार उपस्थित रहे।

### अपर सत्र न्यायालय ने ठहराया दोषी

## पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

अपर सत्र न्यायालय घरघोड़ा के न्यायाधीश श्रीमान अभिषेक शर्मा ने आज हत्या के आरोपी पुलूराम कुम्हार को अपनी पत्नी सुकरी बाई की हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदालत ने साथ ही मृतिका के विधिक वारिसों को क्षतिपूर्ति के रूप में 1 लाख रुपये देने की भी अनुशंसा की, जो विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के माध्यम से प्रदान किए जाएंगे।

मामले का विवरण बताते हुए मृतिका के भाई नंदलाल कुम्हार ने कहा कि उनकी बड़ी बहन सुकरी बाई का विवाह ग्राम रूप डेगा के पुलूराम कुम्हार के साथ हुआ था। दंपति के कोई संतान नहीं थी। 17 अक्टूबर 2023 की सुबह उनके भतीजी के दामाद लोहरा कुम्हार ने मोबाइल के माध्यम से सूचना दी कि सुकरी बाई का निधन हो गया है। जब नंदलाल कुम्हार ग्राम रूप डेगा पहुँचे, तो उन्होंने अपनी बहन को खाट पर मृत पाया, जिसके चेहरे और शरीर पर मारपीट और चोट के स्पष्ट निशान थे। आस-पड़ोस के लोगों से पूछताछ करने पर यह पता चला कि 16 अक्टूबर की रात लगभग 9 बजे पुलूराम कुम्हार और उनकी पत्नी के बीच खाना बनाने को लेकर विवाद



हुआ था। विवाद के दौरान पुलूराम ने अपनी पत्नी पर हाथ उठाया, जिससे उनकी मृत्यु हुई। थाना लैलूंगा में मर्ग इंटिमेशन दर्ज किया गया और भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। उप निरीक्षक मानकुंवर सिदार ने मामले की सूक्ष्मता से विवेचना की। अभियुक्त ने अपनी पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया और घटना में प्रयुक्त साक्ष्य जब्त किए गए।

अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया और मामले की सुनवाई के दौरान सभी अभियोजन साक्षियों के बयान दर्ज किए गए। दोनों पक्षों के वकीलों के तर्क सुनने के बाद न्यायालय ने पुलूराम कुम्हार को दोषी ठहराया। राज्य की ओर से अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने मामले में पक्ष रखा। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि मृतिका के विधिक वारिसों को उचित क्षतिपूर्ति और न्याय मिलने से ही समाज में कानून का सम्मान और पीड़ितों के अधिकार सुनिश्चित होंगे।

